भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **+1217**
सोमवार, **25** नवम्बर, 2019/**04** अग्रहायण, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अतुल्य भारत 2.0 अभियान की प्रमुख विशेषताएं

+1217. श्री ए. राजाः
श्री एस. रामलिंगमः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अतुल्य भारत 2.0 अभियान की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(ख) उक्त अभियान की शुरुआत से लेकर अब तक तमिलनाडु सहित देश में मंजूर, आवंटित और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) तमिलनाडु सहित देश में उक्त अभियान के अंतर्गत अब तक शामिल राज्यों, शहरों, जिलों विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की राज्यवार संख्या कितनी है;

(घ) तय लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है तथा अब तक क्या उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं;

(ङ) क्या सरकार इस अभियान का विस्तार करने तथा इको-टूरिज्म को उक्त अभियान के भाग के रूप में बढ़ावा देने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा इस कार्यक्रम के अंतर्गत कितने राज्यों के शामिल होने की संभावना है; और

(च) सरकार द्वारा विशेषकर तमिलनाडु के ग्रामीण जनजातीय क्षेत्रों में अधिकतम कवरेज प्रदान करने के लिए और देश में पर्यटन के माध्यम से उनके उत्पादों के संवर्धन तथा विकास हेतु क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (च) : मंत्रालय ने तमिलनाडु सहित देश में 'अतुल्य भारत 2.0' अभियान का शुभारम्भ सितम्बर, 2017 में किया है जिसे विश्वभर में किए जा रहे सामान्य संवर्धनों से **अलग** बाजार विशिष्ट संवर्द्धनात्मक योजनाओं तथा सामग्री निर्माण में परिवर्तित किया गया है। यह अभियान डिजिटल और सोशल मीडिया और इको-पर्यटन, ग्रामीण **एवं** जनजातीय पर्यटन सहित देश के **आला** पर्यटन उत्पादों के संवर्धन पर केन्द्रित है।

पर्यटन मंत्रालय अपने चालू कार्यकलापों के एक भाग के रूप में तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों के संवर्धन के लिए 'अतुल्य भारत ब्रांड लाइन' के तहत घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। मंत्रालय की वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंटों के माध्यम से भी संवर्धन कार्य किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त भारत और विदेश स्थित भारत पर्यटन कार्यालय विभिन्न राज्यों की पर्यटन संभावना को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करते हैं।

पर्यटन मंत्रालय पर्यटन के संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां आवंटित नहीं करता है। तथापि, मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर निम्नलिखित संवर्धनात्मक कार्यकलापों के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन तथा निधियों की उपलब्धता की शर्त पर केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है:

(i) मेले, उत्सवों तथा पर्यटन संबंधी समारोहों का आयोजन।
(ii) प्रिंट मीडिया अभियान में संयुक्त विज्ञापन।
(iii)निजी क्षेत्र के सहयोग से प्रचार सामग्री का निर्माण।
(iv)फिल्म पर्यटन का संवर्धन।

विगत तीन वर्षों के लिए विदेशी पर्यटक आगमन और विदेशी मुद्रा आय का ब्यौरा निम्नवत् है:-

वर्ष	विदेशी पर्यटक आगमन (मिलियन में)	विदेशी मुद्रा आय# (**करोड़** रुपये में)
2016	8.80	154146
2017	10.04	177874
2018	10.56	194881

#: संशोधित अनुमान

****